THE BUDGET OF UNION TERRITORY OF PUDUCHERRY, 2021-22

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Budget of Union Territory of Puducherry, 2021-22. Shrimati Nirmala Sitharaman to lay.

THE MINISTER OF FINANCE; AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I rise to lay on the Table, statements (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure (2021-22) of the Union Territory of Puducherry (with Legislature).

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF RAILWAYS - *Contd.*

श्री उपसभापति : रेल चर्चा पर अंतिम वक्ता, श्री सकलदीप राजभर।

श्री सकलदीप राजभर (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मैं रेल बजट की अनुदान माँगों के समर्थन में खड़ा हुआ हूँ। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

महोदय, आज देश के यशस्वी प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी के सान्निध्य में न केवल रेल सुविधाएं, वरन अन्य सुविधाओं में भी दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जैसे, सड़क परिवहन, हवाई यातायात इत्यादि। मैं आज माननीय रेल मंत्री जी को अपनी तरफ से तथा देश की जनता तरफ से धन्यवाद भी देता हूँ कि इनके प्रयास से पूरे भारत की जनता की सुविधा के लिए रेल लाइनों का जाल बिछ रहा है। रेलवे लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण तथा सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं शुद्ध जल, जनमानस के बैठने के लिए विश्राम स्थल, प्लेटफॉर्मों पर कुर्सियां तथा स्टेशनों की साफ-सफाई एवं चकाचौंध की व्यवस्था कर दी गई है। जब शाम होती है तो ऐसा लगता है कि स्टेशन दीपावली के दिन जैसे जगमगा रहे हैं। यहाँ तक कि बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए लोअर सीट के रिज़र्वेशन की व्यवस्था भी की गई है। रेलवे के उक्त सारे कार्य सराहनीय हैं। इसी कड़ी में, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश के मेरे गृह जनपद बलिया समेत जनपद आजमगढ़ और मऊ के चहुमुंखी विकास के लिए आजममढ़ मुख्यालय से सगड़ी, जियनपुर, दोहरीघाट, मधुबन, बेल्थरा रोड, सिकन्दरपुर, मनियर, बॉसडीह होते हुए बकुलहाघाट, सुरेमनपुर तक नई रेल लाइन बिछाने की आवश्यकता है।

भूतपूर्व रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद जी ने अपने मंत्रित्व कार्यकाल में बेलथरा रोड, सिकन्दरपुर से सुरेमनपुर तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे भी कराया था, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने उसके प्रति सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया। इसके साथ ही, मेरे स्टेशन बेलथरा रोड से दिल्ली के लिए गुजरने वाली एकमात्र गाड़ी लिच्छवी एक्सप्रेस 14005/14006 है। मैं जब से सांसद बना, तब से लिच्छवी एक्सप्रेस गाड़ी में ए.सी. प्रथम श्रेणी का कोच लगाने के